### डेढ़ साल में वार्ड 15 की बदली तस्वीर

# 92 लाख से सड़कें, 58 लाख से सीवरेज-पानी अब बनेंगे कम्युनिटी सेंटर और स्पोर्ट्स ग्राउंड




▪ 15 साल पुरानी समस्याओं का कराया समाधान, ससुर को लोगों की सेवा करते देख मिली प्रेरणा





लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना नगर निगम के वार्ड नंबर 15 की पार्षद जसप्रीत कौर ने कहा कि लोगों के सहयोग और विश्वास के बल पर उन्हें जनसेवा का अवसर मिला है। आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ते हुए उन्होंने करीब 1480 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। वार्ड में लगभग 8420 मतदाता हैं और वे शहर की कम उम्र की पार्षदों में शामिल हैं।

पार्षद जसप्रीत कौर ने बताया कि उनके वार्ड में करीब 8 से 10 मोहल्ले आते हैं। पार्षद बने उन्हें डेढ़ साल का समय हुआ है। उन्होंने कहा कि अपने ससुर सुरजीत सिंह ठाकुर को वर्षों से लोगों की सेवा करते देखकर उन्हें जनसेवा की प्रेरणा मिली। वहीं, उनके पति जसपाल सिंह भी लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करवाने में हर समय सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने घर और कार्यालय से 24 घंटे लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहती हैं।

पार्षद ने बताया कि गुरु नानक स्टेट क्षेत्र में पिछले करीब 15 वर्षों से सड़क, सीवरेज और पेयजल की गंभीर समस्याएं थीं। इन समस्याओं के समाधान के लिए लगभग 92 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग सड़कें बनवाई गईं, जबकि 58 लाख रुपये की लागत से नई सीवरेज और पानी की पाइपलाइन बिछाई गई।
वार्ड में लगवाईं सैकड़ों स्ट्रीट लाइटें-
उन्होंने बताया कि प्रेम विहार में एक हाईमास्ट लाइट और पांच अन्य बड़ी लाइटें लगवाई गई हैं। इसके अलावा वार्ड की विभिन्न गलियों में करीब 400 से 500 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं, जिससे रात के समय लोगों को काफी राहत मिली है।

**▪ पानी की समस्या दूर करने के लिए बढ़ाए संसाधन...**

वार्ड में पहले पांच ट्यूबवेल थे, लेकिन बढ़ती जरूरतों को देखते हुए दो नए ट्यूबवेल भी लगवाए गए हैं। जय शक्ति नगर में नई कॉलोनी विकसित होने के समय प्लास्टिक पाइपलाइन होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब वहां नई सीवरेज और पेयजल पाइपलाइन बिछा दी गई है। साथ ही पानी की समस्या को देखते हुए एक नई बड़ी मोटर भी स्थापित की गई है।

**▪ विधायक के सहयोग से विकास कार्यों को मिली रफ्तार-**

पार्षद जसप्रीत कौर ने कहा कि हल्का पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह भोला का उन्हें हर समय पूरा सहयोग मिलता है। उन्होंने बताया कि किसी भी विकास कार्य या जनसमस्या को लेकर जब भी विधायक से संपर्क किया जाता है, वे तुरंत जवाब देते हैं और समाधान के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाते हैं। पार्षद ने कहा कि विधायक के सहयोग और मार्गदर्शन से ही वे अपने वार्ड में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही हैं तथा जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर पा रही हैं।

**▪ कम्युनिटी सेंटर और स्पोर्ट्स ग्राउंड की तैयारी...**

पार्षद जसप्रीत कौर ने बताया कि वार्ड में करीब 1000 गज क्षेत्र में एक आधुनिक कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है, जहां सामाजिक बैठकें, समारोह और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इसके अलावा वार्ड के तीन पार्कों की मेंटेनेंस का कार्य शुरू किया जाएगा तथा छह स्पोर्ट्स ग्राउंड भी विकसित किए जाएंगे।

**▪ 6 करोड़ से बनेंगी दो पानी की टंकियां...**

उन्होंने बताया कि करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से नहरी पानी की दो बड़ी टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है। इनके बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

**▪ गौशाला से टिब्बा चौकी तक बनेगी नई सड़क...**

पार्षद ने कहा कि विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए गौशाला से टिब्बा चौकी तक नई सड़क का निर्माण भी करवाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सकेगी।

# आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को नई चुनौतियों के लिए किया जा रहा तैयार

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



भाजपा लुधियाना द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 (प्रशिक्षण कैंप) सी टी यूनिवर्सिटी मुल्लापुर में दो दिन का प्रशिक्षण शिविर जिला भाजपा के अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में शुरू किया गया।

यह प्रशिक्षण कैंप सीटी यूनिवर्सिटी में 30 मई और 31 मई को आयोजित इन शिविरों में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा,संगठन के मूल सिद्धांतों, केंद्र सरकार की उपलब्धियों और डिजिटल टूल्स (नमो ऐप, एआई) के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन शिवरों में भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री निवासुलु, सरदार मंजीत सिंह राय,राकेश राठौर व सूरज भारद्वाज ने शिविरों में विशेष रूप से शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को पंजाब में होने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रति प्रेरित किया।

## प्रशिक्षण अभियान की मुख्य विशेषताएं

***उद्देश्य:*** *कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देना।*
***विषय:*** *भारतीय जनता पार्टी (BJP) का इतिहास, एकात्म मानववाद, बूथ प्रबंधन, और जन-कल्याणकारी योजनाएं।*
*भाजपा मंडल स्तर पर इन कैंपों का आयोजन कर रही है। प्रशिक्षण कैंप में भाजपा जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन,सचिव रेणु थापर, परवीन बंसल, दिनेश सरपाल, हरीश टंडन, सौरव कपूर, जिला भाजपा महामंत्री सरदार नरेंद्र सिंह मल्ली,यशपाल जनोत्रा, डाक्टर कनिका जिंदल, उपाध्यक्ष महेश शर्मा,डाक्टर निर्मल नय्यर,मनीष चोपड़ा लक्की,हर्ष शर्मा, नवल जैन,अश्वनी टंडन,लक्की शर्मा, सचिव सतनाम सेठी, सुमित टंडन, अंकित बत्रा, सुखजीव बेदी, परवीन शर्मा, खजांची बॉबी जिंदल, अतुल जैन, प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार, संजीव चौधर, सुरिंदर कौशल, साबिर हुसैन, वरिंदर सहगल, पार्षद रोहित सिक्का, अनिल भारद्वाज, पल्लवी विपन विनायक, रुचि गुलाटी, राज कुमार शर्मा, जतिंदर गोरियान, युवा मोर्चा प्रधान रवि बत्रा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीनू चुग, राजेश्वरी गोसाई, निधिका डंडोन, जया तायल, सपना कंवर, नीरू शर्मा, पूर्व पार्षद सुनीता शर्मा, लीना टपारिया, राशि अग्रवाल, डाक्टर परमजीत सिंह, जतिंदर वर्मा, क्रांति डोगरा, जसदेव तिवारी, मंडलों/सर्कलों के प्रधानों में रवि चौरसिया, अंकुर वर्मा, अमित राय, गुरविंदर सिंह भामरा, राकेश पराशर, प्रमोद कुमार, पीयूष चोपड़ा, राजीव वर्मा, दीपक जौहर, अमित मित्तल, केशव गुप्ता, आशीष गुप्ता, नवीन वडेरा, अमित शर्मा, अशोक राणा, चिराग अरोड़ा, रितेश जायसवाल, बलविंदर सयाल, सुरेश अग्रवाल, योगेश शर्मा, राजन शर्मा, प्रिंस भंडारी, विनोद राणा, एस.सी मोर्चा अध्यक्ष अजय पाल दिसावर, अमरीक सिंह मिका, सुखदेव सिंह गिल, राज कुमार भारद्वाज, विनोद कालिया, इंद्रजीत सिंह बंगा, निर्मल सिंह एस.एस, राजेश मिश्रा, जॉन मसीह, लीगल सेल के अध्यक्ष के.जी शर्मा, सचिन मौदगिल, मनोज चौहान, इत्यादि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण कैंप में मौजूद रहे।*

# श्रमिकों के लिए एचआईवी जांच व जागरूकता शिविर

लक्की मेहता | खन्ना
समर न्यूज़

विश्व बैंक और एआईआईबी वित्तपोषित नहर आधारित जलापूर्ति परियोजना के तहत श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न निर्माण स्थलों पर एचआईवी जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में श्रमिकों को एचआईवी से बचाव, जांच और उपचार संबंधी जानकारी दी गई तथा स्वैच्छिक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के मार्गदर्शन में परियोजना का क्रियान्वयन विश्व बैंक और एआईआईबी द्वारा निर्धारित पर्यावरणीय एवं सामाजिक मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिविर त्रिकोणा पार्क ओएचएसआर साइट, वीर पैलेस के सामने स्थित पार्क, केसरी एन्क्लेव ओएचएसआर साइट सहित अन्य सक्रिय निर्माण स्थलों पर लगाए गए।

### चुनाव जीत के बाद विरोधी के घर मारपीट के आरोप

# पुलिस ने खन्ना में अकाली नेता हनी रोशा को गिरफ्तार किया

समर न्यूज़ | खन्ना

खन्ना में पुलिस ने अकाली दल से जुड़े नेता हनी रोशा को गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि हाल ही में हुए चुनाव परिणामों के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के घर जाकर हंगामा किया और कथित तौर पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया।



यह घटना चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सामने आई, जब दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। आरोप है कि हनी रोशा अपने समर्थकों के साथ विरोधी पक्ष के घर पहुंचे और वहां विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान कुछ लोगों को चोटें आने की भी सूचना है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही होगी।

**▪ चुनावी तनाव के बाद बढ़ा विवाद...**

*घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा और मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी नेता को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ मारपीट, धमकी और सार्वजनिक शांति भंग करने से जुड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है जो इस घटना में शामिल हो सकते हैं।*

**▪ राजनीतिक प्रतिक्रिया**

*घटना को लेकर स्थानीय स्तर पर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। संबंधित दल के समर्थकों का कहना है कि मामले को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है, जबकि विरोधी पक्ष ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत पेश किया जा रहा है और मामले में सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है।*

# ज्वेलर्स लूटकांड : तीन आरोपी गिरफ्तार किए

समर न्यूज़ | जगराओं

जगराओं में हुए चर्चित ज्वेलर्स लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य साथियों की तलाश जारी है। जांच में सामने आया है कि वारदात बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई थी और आरोपियों ने लूट के दौरान कई जगहों पर अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाने से पहले इलाके की रेकी की थी। वारदात के दौरान बदमाशों ने न सिर्फ दुकान में लूटपाट की, बल्कि भागते समय वे एक नजदीकी अस्पताल परिसर तक भी पहुंच गए थे, जहां उन्होंने छिपने की कोशिश की। हालांकि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच की मदद से पुलिस ने उनकी पहचान कर ली।

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, पेट्रोल डीजल, गैस कीमतों को लेकर रोष मार्च

# संजय तलवाड़ के नेतृत्व में टिब्बा रोड से समराला चौक तक पैदल मार्च, केंद्र और पंजाब सरकार पर निशाना

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



केंद्र की भाजपा सरकार की तरफ से द्वारा पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के अध्यक्ष संजय तलवाड़ (पूर्व विधायक) की अगुवाई में टिब्बा रोड कार्यालय से शुरू करके समराला चौक तक पैदल रोष मार्च निकाला गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए संजय तलवाड़ ने बताया कि बीते दिन पंजाब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष की तरफ से बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज पंजाब के सभी विधानसभा क्षेत्रों में केंद्र की भाजपा सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ पेट्रोल ,डीजल और गैस के लगातार बढ़ाए जा रहे दामों के विरोध में पैदल रोष मार्च निकाले गए और रोष प्रदर्शन किए गए।

उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी सरकार की तरफ से द्वारा प्रतिदिन लिए जा रहे गलत फैसलों के कारण जनता बहुत परेशान है, क्योंकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। हर नई सुबह के साथ ही आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के कारण जनता में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए इन सरकारों के खिलाफ हर तरफ की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है और हर तरीके से लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर पवन दीवान, सुरिंदर कौर, हल्का पूर्वी के ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद, पूर्व पार्षद, वार्ड इंचार्ज, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, एनएसयूआई., यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, वरिष्ठ नेतृत्व, पदाधिकारी तथा समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पानी की बर्बादी अब पड़ेगी महंगी, नगर निगम ने शुरू की सख्ती

लक्की मेहता | खन्ना
समर न्यूज़

शहर में पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। गर्मी के मौसम में बढ़ती पानी की मांग को देखते हुए निगम ने सार्वजनिक पेयजल की फिजूलखर्ची करने वालों के खिलाफ चालान और जुर्माने की कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है। निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। कमिश्नर ने कहा कि गर्मियों में हर घर तक पर्याप्त पेयजल पहुंचाना निगम की प्राथमिकता है।

जरूरी है कि पानी की अनावश्यक बर्बादी पर रोक लगाई जाए। उन्होंने बताया कि पेयजल वाली पाइप से वाहन धोने, घरों और दुकानों की धुलाई करने, टोंटी या पाइप खुला छोड़कर पानी बहाने तथा पेयजल का उपयोग नियमित सफाई कार्यों में करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के आदेशों के अनुसार पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर 1000 रुपये का चालान किया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बाद भी यदि संबंधित उपभोक्ता नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसका पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। दोबारा कनेक्शन जारी करवाने के लिए 5000 रुपये शुल्क जमा कराना होगा।

डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने शहरवासियों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पानी एक बहुमूल्य संसाधन है और इसकी बचत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निगम की टीमें विभिन्न इलाकों में निगरानी करेंगी।

# लुधियाना में सिलाई-कढ़ाई फैक्ट्री में अवैध शराब का भंडाफोड़

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सिलाई-कढ़ाई फैक्ट्री में चल रहे अवैध शराब कारोबार का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने मौके से 21 पेटी अवैध शराब और 8 खुली बोतलें बरामद की हैं। हालांकि, इस दौरान फैक्ट्री में मौजूद दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिली थी कि फैक्ट्री की आड़ में अवैध रूप से शराब का भंडारण और वितरण किया जा रहा है। जब टीम ने दबिश दी तो फैक्ट्री परिसर में शराब की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री का उपयोग केवल उत्पादन के लिए नहीं, बल्कि अवैध शराब के स्टोरेज और सप्लाई नेटवर्क के रूप में भी किया जा रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पूरे परिसर की तलाशी ली और शराब की खेप जब्त कर ली। अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसका वितरण किन इलाकों में किया जाना था। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं, लेकिन जानकारी सार्वजनिक नहीं थी। पुलिस अब आसपास के अन्य संदिग्ध ठिकानों की भी जांच कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

**बस यात्रा** | 28वीं मासिक बस यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ भेजी गई

# जमालपुर से खाटू श्याम व सालासर बाला जी के लिए श्रद्धालु रवाना

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

जय श्री खाटू श्याम सेवा दल की ओर से ड्रीम पार्क, जमालपुर से 28वीं मासिक बस यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ श्री खाटू श्याम धाम एवं सालासर बालाजी महाराज के दर्शनों के लिए रवाना की गई।

यह बस यात्रा प्रत्येक माह संगत एवं सेवा दल के सदस्यों के सहयोग से आयोजित की जाती है। यात्रा को राजवीर सिंह चौटाला और विक्की मिश्रा ने विधिवत रवाना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी महाराज का जयघोष किया।सेवा दल के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाना और समाज में सेवा एवं भक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।

इस दौरान संतोष सरपंच, रोशन पंडित, राणा जी, नीरज मिश्रा, विक्रम मिश्रा सहित जय श्री खाटू श्याम सेवा दल के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# सालाना जोड़ मेले के लिए मंत्री को निमंत्रण पत्र दिया

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

धन धन बाबा हाथी राम महाराज जी का सालाना मेला हर साल की तरह 16-17-18-19 जून को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

इस बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. कुलवंत राम नगर ने बताया कि इस बार सालाना जोड़ मेले के संबंध में कैबिनेट मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा, वित्त मंत्री पंजाब और रॉबी कंग, वाइस यूथ अध्यक्ष पंजाब के साथ चंडीगढ़ में मुलाकात की और उन्हें धन धन बाबा हाथी राम महाराज जी के 48वें सालाना जोड़ मेले के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया। वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा जी ने गुरु घर को 10 लाख की ग्रांट दी थी, जिसके लिए उनका धन्यवाद किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मैनेजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट डॉ. कुलवंत सिंह रामा नगर और चेयरमैन परमजीत कुलथम और सभी कमेटी मेंबर्स द्वारा पिछले ढाई साल में बाबा हाथी राम महाराज जी के स्थान पर किए गए कामों की तारीफ की और भक्तों से बड़ी संख्या में जोड़ मेले में आने की अपील की। इस मौके पर हरपाल चीमा ने आने वाले समय में भी गुरु घर को सपोर्ट करने का भरोसा दिलाया।

